दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

(गरियाबंद) जूना अखाड़ा के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न : उमेशानंद गिरी बने अध्यक्ष

गरियाबंद , 19 फरवरी (आरएनएस)। राजिम कुंभ कल्प मेला में 21 फरवरी से 26 फरवरी तक संत समागम का आयोजन होगा। संत समागम में शामिल होने नागा साधु-संतों का आना प्रारंभ हो चुका है। लोमष ऋषि आश्रम में बड़ी संख्या जूना अखाड़ा के नागा साधु, संत पहुंचे हुए हैं। मेला सम्पन्न कराने जूना अखाड़ा में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया है। जिसमें उमेशानंद गिरी महाराज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं गोपाल गिरी महाराज उपाध्यक्ष चुने गए।

इसी प्रकार दिगम्बर संतोष गिरी महाराज को संरक्षक, गोकुलगिरी को सचिव, सिद्धेश्वरी पुरी पद्मनीपुरी को कारोबारी, कमलेश्वर नंद सरस्वती को अन्य महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियो ने अखाड़े की परम्परा और अनुशासन को बनाये रखने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि साधु-संत और भक्तजन सुचारू रूप से अध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सके। लोमष ऋशि आश्रम में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में नागा संतों, महंतों एवं बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही। बैठक में मौजूद संत समाज ने धार्मिक परम्पराओ के निर्वाहन के साथ ही भविष्य की योजनाओ पर भी चर्चा की।

००००

(भिलाईनगर) 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शटडाउन के कारण जलआपूर्ति बाधित रहेगी

भिलाईनगर, 19 फरवरी (आरएनएस)। नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के पीछे लिकेज हो गया है। जिसके संधारण हेतु 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में शट्डाउन की आवश्यकता है। पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य 19.02.2025 को सुबह 9:30 बजे से किया जाएगा। जिससे दिनांक 19.02.2025 को शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर तथा दिनांक 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्च स्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णत: बाधित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी

0

(बलौदाबाजार-भाटापारा) शराब पीकर वाहन चलाने वालों से वसूला गया जुर्माना

बलौदाबाजार-भाटापारा, 19 फरवरी (आरएनएस)। जिला पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 09 वाहन चालकों को कुल 1,05,000 का अर्थदंड लगाया गया है।

बता दें कि जिले में सडक़ दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, कसडोल एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 09 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 09 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 18.02.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 तथा 03 प्रकरण मे वाहन चालक को 15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 09 वाहन चालकों को कुल 1,05,000 (एक लाख पांच हजार रूपये) का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 : शांति, फिटनेस, सामुदायिक भावना और बस्तर की अछूती सुंदरता का उत्सव

### अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन की तैयारियां जोरों पर, 5,000 से अधिक प्रतिभागियों की होगी भागीदारी

**रायपुर**

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 शांति, फिटनेस, सामुदायिक भावना और बस्तर की अछूती सुंदरता का उत्सव मनाने के लिए आयोजित की जा रही है। इस मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें 5,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करने के उद्देश्य से अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 का आयोजन 2 मार्च को नारायणपुर में किया जाएगा। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ, यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि आशा, एकता और बदलाव का प्रतीक बन चुकी है।

अबूझमाड़, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है, लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के प्रकोप में रहा है। इस मैराथन के माध्यम से इस धारणा को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सभी कौशल स्तरों के लोग एकता, प्रतिस्पर्धा और आपसी समझ की भावना के साथ भाग ले सकें। मैराथन में हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी और 5 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी, जिससे एथलीटों, पहली बार दौड़ने वालों और स्थानीय प्रतिभाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। अत्याधुनिक टाइमिंग सिस्टम, पेसर्स, चिकित्सा सहायता और हाइड्रेशन स्टेशनों के साथ, यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

**मैराथन का उद्देश्य: स्वास्थ्य, एकता और शांति का संदेश**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस आयोजन को आशा का प्रतीक बताते हुए कहा कि खेल की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से लोगों को एक साथ लाकर, हम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना चाहते हैं बल्कि शांति और एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश भी देना चाहते हैं। अबूझमाड़ को अब माओवाद से नहीं, बल्कि यहां के लोगों की क्षमता और प्रतिभा से पहचाना जाएगा।

**प्रोमो मैराथन : सफल आयोजनों के साथ बढ़ता उत्साह**

मुख्य कार्यक्रम से पहले आयोजन समिति ने 5 जनवरी को 5 किलोमीटर की प्रोमो मैराथन आयोजित की, जिसमें पुरुष वर्ग में तीजू पुजारी, लक्ष्मण पोयाम और बीरसिंह सलाम विजेता बने, जबकि महिला वर्ग में सोमराई गोटा, रीना उइके और भूमिका देवांगन शीर्ष स्थान पर रहीं। इसके बाद 19 जनवरी को नारायणपुर में 10 किलोमीटर की मिनी मैराथन हुई, जिसमें 800 से अधिक धावकों ने भाग लिया। इसमें पुरुष वर्ग में पुरकेश्वर लाल देशमुख, रस्सू कोरेस और बुधराम कुमेटी ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में मुस्कान कुशवाहा, भूमिका देवांगन और सोंबाई गोटा विजेता रहीं।

प्रतिभागियों के लिए विशेष सुविधाएं

प्रतिभागियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। पार्किंग, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मार्ग में सहायता केंद्रों की व्यवस्था होगी, जहां पीने का पानी, इलेक्ट्रोलाइट पेय, स्नैक्स, फल और प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध होंगे। धावकों के लिए रिकवरी/रेस्टिंग टेंट भी लगाए जाएंगे। लाइव ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिभागियों को रीयल-टाइम अपडेट प्राप्त होंगे और मार्ग को एलईडी संकेतकों से स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा सहायता स्टेशनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों की सुरक्षा बनी रहे। अनुभवी पेसर्स प्रत्येक श्रेणी में धावकों को मार्गदर्शन देंगे, जिससे वे अपनी गति बनाए रख सकें और अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

मैराथन से पहले कुछ विशेष आयोजन भी किए जाएंगे। 28 फरवरी को 'बैंड दायरा' द्वारा जादू बस्तर कॉन्सर्ट आयोजित होगा। 1 मार्च को एक भव्य ड्रोन शो होगा, साथ ही अबूझमाड़ मल्लखंब टीम द्वारा अद्भुत करतबों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक नृत्य, स्थानीय कला प्रदर्शनियां और बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। खेल के महत्व के साथ-साथ, यह मैराथन अबूझमाड़ की अनछुई सुंदरता और इसकी क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी और क्षेत्र के विकास में सहायक होगी।

## राजिम कुंभ कल्प के मंच पर बॉलीवुड पाश्र्व गायक असीत त्रिपाठी ने दी प्रस्तुति

**गरियाबंद | आरएनएस**

राजिम कुंभ कल्प के छठवें दिन रात्रिकालीन कार्यक्रम में बॉलीवुड पाश्र्व गायक असीत शर्मा ने सुमधुर भजनों से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बजाओ नगाड़ा ढोल मेरे राम आएं हैं..., कृष्ण गोविंद हरे मुरारी...हे नाथ नारायण.., हर प्राण में वास हैं तेरा मैया... बांके बिहारी नजर न लग जाए..., केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम.., तोला बंदव शारदा मैया... बड़े दूर से आए हैं..., मोर अंगना पधारो महारानी..., जैसे मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

मंच पर पिंकी वर्मा की मंडली ने मानस गान के माध्यम से राम के आदर्श चरित्र का वर्णन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। किरण शर्मा की टीम ने लोककला मंच से गणपति जगवंदन..., राधे -राधे -राधे बरसाने वाली राधे.., ये रामायण है पुण्य कथा राम का.., हरे राम हरे कृष्ण.., अंगना में भारत माता के .., सोन के चिरैया बोले... जैसे सुपर हिट गीतों की धमाकेदार प्रस्तुति से दर्शक झूमने लगे। वर्षा देवांगन ने कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### कुंभ कल्प के स्थानीय मंच पर गांव-गांव से पहुंच रहे हैं हुनर

राजिम कुंभ कल्प मेला के सांस्कृतिक मंच पर गांव-गांव से हुनरमंद प्रतिभाएं पहुंच रही है। ग्रामीण क्षेत्रो के कलाकारो को कुंभ कल्प के मंच पर स्थान मिलने से उनका मनोबल बढ़ा है। कम संसाधन और अवसर की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के कलाकारों की कला परवान चढऩे से पहले ही मुरझाकर दम तोड दिया करती थी, लेकिन कुंभ कल्प के आयोजन में इन कलाकारों को मंच मिलने से क्षेत्र की प्रतिभा उभर कर सामने आ रही है। स्थानीय मंच पर भखारा से आए अखाड़ा दल ने मंच पर अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए। ऐसे-ऐसे करतब दिखाए की देखने वालो ने अपने दांतो तले ऊँगली दबा ली। अखाड़ा दल में छोटे बच्चो ने वाद्ययंत्र बजाकर दर्शको से खूब तालियां बटोरी। वाद्ययंत्र की धुन पर दल के जांबाज युवकों ने एक से बढक़र एक करतब दिखाए।

### कबीर के कत्थक ने दर्शकों का जीता दिल

सांस्कृतिक मंच में कबीर ने कत्थक नृत्य के माध्यम से माता पार्वती द्वारा शिव की आराधना किए जाने के प्रसंग को लेकर अपनी प्रस्तुति दी। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और कत्थक नृत्य की काफी प्रशंसा की। पंडवानी गायिका पार्वती साहू ने महाभारत के पात्र भीम से संबंधित कई प्रसंग की मिली-जुली प्रस्तुति दी। उनके ओज से भरे शौर्यपूर्ण प्रस्तुति से सुनने वालों के रोंगटे खडे हो गए। पितईबंद से आई रतजगा टीम ने माता के भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल में भक्ति पूर्ण माहौल बना दिया। जय चंडी मानस मंडली की महिलाओं ने राम चरित मानस पर भक्ति के प्रकारों की व्याख्या के साथ अपनी प्रस्तुति दी। पुनाराम यादव के राउत नाचा ने पूरे माहौल का रंग बदलते हुए दोहों की बौछार कर दी। जिसे देखकर दर्शक भी राउत नाचा के रंग में रंग कर झुमने लगे।

## राजिम कुंभ कल्प में लगा सेल्फी जोन: पुराने जमाने की यादे हो रही ताजा

० छत्तीसगढ़ी गहने और वेशभूषा में लोग ले रहे सेल्फी, युवक-युवतियों के लिए अलग अलग वेशभूषा का संग्रह

गरियाबंद , 19 फरवरी (आरएनएस)। राजिम कुंभ कल्प में कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास संत समागम के सामने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजती तथा पुनर्जीवित कर उसके संरक्षण के लिए संकल्पित सेल्फी जोन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग वर्ग के लोग भरपूर मनोरंजन करते नजर आ रहे है। साथ ही मेले में बिताए अपने हर पर को यादगार बनाने के लिए वहां के हर एक सामग्री के साथ सेल्फी लेकर उसे अपने कैमरे में कैद कर रहें है। सेल्फी जोन ग्रामीण जीवन शैली पर आधारित बनाया है जहां बैलगाड़ी की तरफ सबसे ज्यादा भीड़ है। लोग किसान का वेश पहनकर सेल्फी ले रहे हैं।

इस सेल्फी जोन में सभी पुराने गहने और वेशभूषा संग्रहित है। स्टाल में पर्रा, टोकरी, पारंपरिक गहने बिछिया, करधन, सुता ऐठी, सुर्रा, किला साडी, खुमरी, राउत वेशभूषा आदि छत्तीसगढ़ी आभूषण लोगो के बीच कौतुहल का विषय बना हुआ है।

सेल्फ़ी जोन की संचालिका गिनिज बुक आफ वर्ड रिकार्ड (बायो आर्ट) एवं तीन बार सीएम अवार्ड से

## शादी का झांसा देकर पुलिसकर्मी ने किया दुष्कर्म,पीड़िता ने पुलिस अधिक्षक से की शिकायत

**कोरबा | आरएनएस**

जिले में एक पुलिसकर्मी द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार सात साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थानों में फरियाद नही सुने जाने के परेशान युवती ने इसकी शिकायत पुलिस अधिक्षक कार्यालय में की है।

मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले की एक युवती का मोबाइल पर पुलिस आरक्षक से संपर्क क्या हुआ, वह जंजाल में फ ंस गई।

मिली जानकारी के अनुसार, 2017 में पीड़ित युवती की पहचान मोबाईल के जरीये मोरगा पुलिस चौकी में सेवा दे रहे पुलिसकमी पुलिसकर्मी सुरेश मणि से हुई। और फिर मिलना जुलना शुरू हो गया। पहले से विवाहित पुलिसकर्मी ने इस जानकारी को छुपाया और विवाह करने की बात कहते हुए उसके साथ अवैध संबंध बनाए। विवाह का सपना दिखाकर पिछले 7 वर्ष से पुलिसकर्मी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। और विवाह करने करने की बात पर बार बार गुमराह करता रहा और जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी ने मिलकर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़ित युवती चाहती है कि पुलिसकर्मी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## बिजली टॉवर में चढक़र नशेड़ी युवक ने किया घंटों तक हंगामा

**दुर्ग | आरएनएस**



पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में एक युवक ने नशे की हालत में बिजली के टावर पर चढक़र घंटों तक हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को समझाकर नीचे उतरवाया।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है। 35 वर्षीय होरीलाल अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए गनियारी गांव गया था, लेकिन दोनों के बीच बहस हो गई। पत्नी ने उसके साथ लौटने से इनकार कर दिया, जिससे गुस्से में आकर वह टॉवर पर चढ़ गया। और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। जैसे ही इस बारे में सूचना मिली, ससुराल पक्ष के लोग उसे समझाने पहुंचे, लेकिन शराब के नशे में वह और ऊंचाई पर चढ़ता चला गया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने भी उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ। 112 टीम के आरक्षक कुंदन सिंह ने युवक को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वह लगातार विरोध करता रहा। कुंदन सिंह ने फिर उसकी पत्नी को बुलवाया। जब पत्नी ने उसे भरोसा दिलाया कि वह उसके साथ जाने के लिए तैयार है, तब जाकर उसने नीचे उतरने का फैसला किया।

बताया जाता है कि आरक्षक कुंदन सिंह की समझदारी से युवक की जान बच गई। दरअसल आरक्षक को लगा कि अगर वह पुलिस की वर्दी में जाएगा तो युवक घबरा सकता है। इसलिए उसने अपनी वर्दी बदलकर सामान्य कपड़ों में जाने का फैसला किया। एक आम आदमी की तरह उसके पास पहुंचकर उसे भरोसा दिलाया कि उसकी पत्नी उसके साथ चलने को तैयार है। यह सुनते ही युवक नीचे उतर आया और स्थिति नियंत्रण में आई।

## राजिम कुंभ कल्प मेला में विभिन्न विभागों की लगी प्रदर्शनी

### जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में राजिम बैराज परियोजना का बनाया जीवंत मॉडल

**गरियाबंद | आरएनएस**




राजिम कुंभ कल्प मेला में नवीन मेला स्थल पर गरियाबंद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। मुख्य मंच के समीप बने विशाल डोम में विभिन्न विभागों के लगे प्रदर्शनी में कई जानकारियां लोगों को मिल रही है। शिक्षा विभाग के स्टॉल में नवाचारी शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दर्शाया गया हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से खेल-खेल में ज्ञानार्जन प्राप्त करने के माध्यमों को विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है। यह शिक्षा का सबसे अच्छा माध्यम हो सकता हैं। उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया है जिसमें रंग- बिरंगी फूलों की बागवानी अत्यंत ही मनमोहक दिख रही हैं। वहीं फसल उत्पादन के लिए किसान, बीज और कृषि भूमि का सुंदर समन्वय किया गया हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाल में काननू और सडक़ सुरक्षा संबंधित जानकारीयां दी जा रही है। इस स्टॉल में सडक़ सुरक्षा को लेकर सेल्फी जोन भी बनाया गया है। जिसमें कई मेलार्थि सेल्फी लेकर जागरूक हो रहे हैं। हस्तशिल्प कला केन्द्र की प्रदर्शनी में हाथ से बने सुंदर कुर्सी, चटाई, पेन स्टैंड, पाटा और सोफे आदि बनाएं गए हैं जो बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहा है। इसी तरह कोसा उद्योग में कोसा बनाने की विधि को बताया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न वैरायटी के कोसा की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में त्रिवेणी संगम में बारहमासी जल भराव, नौका विहार एवं वाटर स्पॉट्स, राजिम एवं नवापारा हेतु सहकारिता जल प्रदाय के लिए प्रस्तावित राजिम बैराज परियोजना का जीवंत मॉडल बनाया गया हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला सुरक्षा हेतु विभिन्न जानकारीयां मिल रही हैं। बिहान रसोई में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाया जा रहा है, जिसका स्वाद मेलार्थी बड़े ही चाव से ले रहे हैं। पशुधन संरक्षण विभाग में मछली पालन के विभिन्न उपाय दर्शाए गए हैं। डोम में लगभग 25 स्टॉल में विभिन्न प्रदर्शनी सजाई गई है, जो मेलार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


## सरपंच चुनाव हारने के बाद मत पेटी छीनने का प्रयास,दर्जनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, एक गिरफ्तार

### कांकेर पुलिस की त्वरित कार्यवाही में मामले के आरोपी पूर्व सरपंच की गिरफ्तारी

**कांकेर | आरएनएस**




सरपंच चुनाव की समाप्ति के बाद हारे हुई प्रत्याशी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीठासीन अधिकारी के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने तथा मत पेटी को छीनने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने पूर्व सरपंच को गिरफ्तार किया है वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.09.2024 को प्रार्थी अशोक गोटे पिता मनराखन लाल गोटे उम्र 46 साल निवासी बुढ़ादेव कालोनी चारामा थाना चारामा जिला कांकेर जो वर्तमान में शास.उ.मा. वि. भर्रीटोला में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ है का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में रिटर्निंग अफिसर कांकेर के आदेशानुसार मतदान सम्पन्न कराने के लिये पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान दल के साथ मतदान केंद्र पुसवाड़ा में दिनांक 17.02.2025 को सरपंच पद के प्रत्याशियों को मतो की संख्या बताने के बाद सरपंच पद की कम वोट प्राप्त प्रत्याशी रूखमणी कोसम ,रोहित नेताम, तोमेश यादव और उसके 40-50 साथियों द्वारा रात्रि करीब 8.30 से 10 बजे एक राय होकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मत पेटी छीनने की नियत से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर शासकीय कर्मचारियों पर प्रहार कर गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाने एवं शासकीय संपत्ती को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर थाना कांकेर में धारा 191(2),191(3), 296,115(2), 221,121(1), 132,126(2), 127(2), 324(3), 309(6) बीएनएस, लोक संपति क्षति निवारण 1984 की धारा 3,4 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी घासीराम वटटी पिता स्व नथेरा राम वटटी उम्र 70 साल को दिनांक 19.02.25 को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। वहीं मामले के शेष नामजद आरोपियों का पतासाजी की जा रही है।